# मेरे जीवन की पतवार सांवरे | By Arun Chauhan (Raahi)

मेरे जीवन की पतवार....
जीवन की पतवार सांवरे हाथों में अब तेरी है
जीवन की पतवार....
मेरे जीवन की पतवार सांवरे हाथों में अब तेरी है
दरकार श्याम तेरी है
जीवन की पतवार.........

परिवार मेरा श्याम तेरे भरोसे है ओ जग के पालनहार
सब तुझ पर निर्भर है सब तेरे प्यारे हैं ओ जग के तारनहार
मझधार में नैया .....
मझधार में नैया सांवरे तेरे ही भरोसे है
मझधार में नैया .....
मझधार में नैया सांवरे तेरे ही भरोसे है
दरकार श्याम तेरी है
जीवन की पतवार.......

चिंता करूं अब क्यों मैं तेरे होते श्याम मेरी चिंता करता तू है
बिन मांगे तू देता खुशियां जमाने की तू रखता लाज भी है
मेरे होठों की मुस्कान .....
होठों की मुस्कान बाबा श्याम धणी बस तेरी है
मेरे होठों की मुस्कान .....
होठों की मुस्कान बाबा श्याम धणी बस तेरी है
दरकार श्याम तेरी है
जीवन की पतवार.......

मझधार में नैया किसी की डूब नहीं सकती तू जिसका मांझी है
कैसा भी तूफां हो कैसी भी आंधी हो उसे छू सकती नहीं है
राही का साथी....
राही का साथी सांवरा हारे का सहारा है
राही का साथी....
राही का साथी सांवरा हारे का सहारा है
दरकार श्याम तेरी है
जीवन की पतवार.......

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%aa%e0%a4%a4%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-a/